# SHOOTING RANGES CONSTRUCTION PORTFOLIO

## 1. ELEGANT SHOOTING RANGES





COLONELZ SHARPSHOOTERZ, MODEL TOWN, JALANDHAR, PUNJAB




SAINIK SCHOOL KODAGU (COORG), KARNATAKA

HUB-545, 3rd Floor, (Above Westside) Near Geeta Mandir, Model Town, Jalandhar City-144 001
E-mail : csharpshooterz@gmail.com Website : www.ColonelzSharpShooters.com
Facebook id : colonelz sharpshooterz Contact : +91-98882-22248




VAJRA ARMY SHOOTING RANGE, JALANDHAR CANTT, PUNJAB




WESTERN COMMAND ARMY SHOOTING RANGE, AMBALA CANTT, HARYANA




GANDIV ARMY SHOOTING RANGE, KOTA, RAJASTHAN

## 2. PREMIUM SHOOTING RANGES




LAKEWOOD SCHOOL, LUDHIANA, PUNJAB



OXFORD SENIORS SCHOOL, LUDHIANA, PUNJAB




YASHMAY WORLD SCHOOL, GONDA, UTTAR PRADESH



LOVELY PROFESSIONAL UNIVERSITY, PHAGWARA, PUNJAB




Army Public School, Dagshai, Himachal Pradesh




Army Public School, Beas, Punjab




Mai Bhago Armed Forces Preparatory Institute, Mohali, Chadigarh




Sainik School, Chanderpur, Maharashtra




**Ranbankura Shooting Range, Suratgarh, Rajasthan**




**Cambridge International School Shooting Range, Kapurthala, Punjab**




**Panther Precision Shooting Range, Amritsar Cantt, Punjab**




**Army Public School, Jhansi, UP**

## 3. RANGE INTERIORS









## 4. RENOVATION OF EXISTING RANGE






RENOVATION AND SHOOTING EQUIPMENT SUPPLY, INDIAN ARMY, MEERUT, UP

## 5. WEAPONS AND EQUIPMENT

INDIAN AND IMPORTED WEAPONS




















DRY PRACTICE TARGET

SPECIAL WEAPONS & EQUIPMENT STORAGE

## 6. TRAINING/ SPECTATOR AREA






MOVABLE STANDS, VIP CHAIRS

CHANGING ROOMS




SHOOTING RANGE IN ACTION

## 7. 10M RANGE LAYOUT DIAGRAM




Typical Layout of an 8-lane, 10m Shooting Range

**Ideal Dimensions of an 8 lane shooting range = 8.8m (Width) x 15m (Length), excl spectator area**
**Note – Width is 1m per lane in Indian system = 8m for 8 lanes.**




**Air Gun Range Diagram**

Air Gun Range Diagram as Per the Shooters Manual

8. **TRAINING**



Prize Distribution at Shooting Tournament



Proud Prize Winners of Shooting Tournament



Training of Army Western Command Shooting Team

9. <u>MEDIA COVERAGE</u>



njabkesari.in

जालंधर केसरी

रविवार SUNDAY

# कर्नल शार्प शूटर्स एकैडमी के शूटरों ने जीते 15 गोल्ड मैडल

जालंधर, 1 जुलाई (स.ह.): कर्नल शार्प शूटर्स एकैडमी के शूटरों ने पी.ए.पी. में करवाई गई जिला स्तरीय शूटिंग चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। एकैडमी के शूटर अगमबीर सिंह ने 10 मीटर पिस्टल के सभी मुकाबलों में गोल्ड जीता है वहीं लड़कियों के वर्ग में अनिका बबलानी ने सभी वर्गों में गोल्ड मैडल जीता है।

एकैडमी की ओर से 17 शूटर्ज ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और 32 मैडल जीते हैं, जिनमें 15 गोल्ड, 11 सिल्वर और 6 ब्रांज मैडल शामिल हैं। एकैडमी के कोच रवि कुमार की ट्रेनिंग के चलते इन शूटर्ज ने शानदार प्रदर्शन किया है।

**लवलीन सिंह**
- इवैंट: 25 मीटर पिस्टल
- अबव 21 सीनियर: गोल्ड मैडल

**अगमबीर सिंह**
- इवैंट: 10 मीटर पिस्टल
- अंडर-18: गोल्ड मैडल
- अंडर-21 जूनियर: गोल्ड मैडल
- अबव 21 सीनियर: गोल्ड मैडल

**उपराज सिंह**
- इवैंट: 10 मीटर एयर राइफल
- अबव 21 सीनियर: गोल्ड मैडल

**जसप्रीत सिंह**
- इवैंट: 10 मीटर और 50 मीटर एयर राइफल
- अंडर-21 जूनियर: ब्रांज मैडल
- अबव 21 सीनियर: गोल्ड मैडल

**चंद्ररानी नंदी राय**
- इवैंट: 10 मीटर पिस्टल
- अबव 21 सीनियर: गोल्ड मैडल

**मनजोत बाठ**
- इवैंट: 25 मीटर और 50 मीटर पिस्टल
- अबव 21 सीनियर: गोल्ड मैडल

**कमलदीप सिंह**
- इवैंट: 25 मीटर पिस्टल
- अबव 21 सीनियर: गोल्ड मैडल

10 मीटर एयर पिस्टल में 2 सिल्वर और एक ब्रांज मैडल हासिल करने वाला वायुन 2 सालों से शूटिंग सीख रहा है। वायुन का कहना कि वह जब भी कार्टून में किसी को गोली चलाते देखता था तो उसका भी मन करता था कि वह शूटिंग करे। इसलिए उसने शूटिंग सीखना शुरू कर दिया। 8वीं क्लास में पढ़ने वाला वायुन बड़ा होकर डाक्टर बनना चाहता है। - वायुन

10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड जीतने वाले पार्थ ने यूथ जूनियर और सीनियर कैटेगरी में भी सिल्वर मैडल हासिल किया है। पार्थ ने 2 साल पहले शूटिंग सीखना शुरू किया था। पार्थ ने बताया कि वह अपने पापा के साथ यहां घूमने आया था तो पापा ने पूछा कि तुम शूटिंग सीखना चाहते हो तो मैंने कहा हां। बस तब से ही शूटिंग सीख रहा हूं। पार्थ बड़ा होकर पायलट बनना चाहता है। - पार्थ

लड़कियों के तीनों वर्ग में गोल्ड मैडल जीतने वाली अनिका ने अपनी बड़ी बहन से प्रेरित होकर शूटिंग सीखना शुरू किया था। रोजाना 2 घंटे प्रैक्टिस करने वाली अनिका इससे पहले भी कई शूटिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कई मैडल हासिल कर चुकी है। - अनिका



IV www.punjabkesari.in

जालंधर केसरी

# 'चैंपियन ऑफ चैंपियंस शूटिंग' प्रतियोगिता में बाबू राम और सीमा कुमारी रहीं विजेता'



जालन्धर, 13 दिसम्बर (राज): कर्नल शार्प शूटर्स की ओर से जालन्धर और चंडीगढ़ में एक साथ छठी ओपन शूटिंग चैंपियनशिप करवाई गई। चैंपियनशिप में विभिन्न कैटेगिरी में शूटर्स ने बढ़िया प्रदर्शन किया। लड़कियों में सीमा कुमारी ने चैंपियन ऑफ चैंपियंस के राइफल में विजेता रहीं तो वहीं लड़को में बाबू राम ने पिस्टल में खिताब अपने नाम किया।

इस विशेष अवसर आई.टी.बी.पी. के ट्रेनिंग कमांडैंट विक्रांत थपलियाल ने कहा कि वह प्रतिभागियों की अच्छी प्रतिस्पर्धी भावना से बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि कर्नल शार्पशूटर द्वारा जो मौके युवाओं को दिए जा रहे हैं, वह सराहनीय हैं। इस तरह के आयोजन से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी पैदा होते हैं। महावीर चक्र से सम्मानित कर्नल बलवान सिंह और भारतीय टीम के पूर्व शूटिंग कोच कर्नल एम.एस. चौहान इस समारोह के मुख्य अतिथि थे और उन्होंने विजेताओं को पदक और इनाम दिए।

इस मौके पर कर्नल शार्प शूटर्स के निदेशक कर्नल जे.एस. नागपाल और नवनीत कौर ने कहा कि खिलाड़ियों को विश्व स्तर की ट्रेनिंग और सुविधाएं देकर वह बेहद खुश हैं। शुरुआत में खिलाड़ियों को जमीनी स्तर पर प्रशिक्षण देना महत्वपूर्ण है।

कर्नल शार्प शूटर्स शूटिंग अकादमी के संचालक और पूर्व आर्मी अफसर विजय हुड्डा ने कहा कि बच्चों को उचित स्तर पर सर्वश्रेष्ठ खेल सुविधाएं प्रदान करना उनका सपना था, इसलिए उन्होंने शूटिंग अकादमी स्थापित की ताकि देश में बेहतर निशानेबाज पैदा हो सकें। पंजाब केसरी इस आयोजन का प्रिंट मीडिया पार्टनर है।

*विजेता बच्चों को साथ कमांडैंट विक्रांत थपलियाल व अन्य।*

*विजेताओं के साथ शार्प शूटर अकादमी के मैंबर।*

**चैंपियन ऑफ चैंपियंस के पिस्टल विजेता**
बाबू राम - स्वर्ण पदक
तिनजित धनोत्रा - रजत पदक
दनिश - कांस्य पदक

**चैंपियन ऑफ चैंपियंस के राइफल विजेता**
सीमा कुमारी - स्वर्ण पदक
आकाश संतोष - रजत पदक
पुरूराज - कांस्य पदक

**ये रहे विजेता विभिन्न कैटेगरी में**

**10 मीटर एयर पिस्टल अंडर 12 लड़कों में**
निवरप्रीत सिंह
अराध्य

**10 मीटर एयर पिस्टल अंडर 12 लड़कियों में**
अदविता
वैभवी

**10 मीटर एयर पिस्टल अंडर 15 लड़कों में**
एकाग्र शर्मा

**10 मीटर एयर पिस्टल अंडर 18 लड़कों में**
साहिबजीत सिंह
दनीश
विक्रमजीत सिंह

**10 मीटर एयर पिस्टल अंडर 18 लड़कियों में**
हरनवदीप कौर
सीरत चुघ

**10 मीटर एयर पिस्टल 18 से ऊपर लड़कों में**
तिनजित धनोत्रा
शहबाज कुमार
प्रदीप सिंह

**10 मीटर एयर पिस्टल 18 से ऊपर लड़कियों में**
कामिनी
जानिकी
आस्था

**10 मीटर एयर पिस्टल वेटरेन में**
बाबू राम

**10 मीटर राइफल अंडर 15 लड़कों में**
पुरूराज
अर्श
अमितजोत

**10 मीटर राइफल अंडर 18 लड़कों में**
ताज गोयल
तिलक राज
जसराज सिंह

**10 मीटर राइफल 18 से ऊपर लड़कियों में**
सीमा कुमारी

पंजाब केसरी ई-पेपर Mon,14 December 2020
Edition: jalandhar kesari, Page no. 5

## 6वीं कर्नल शार्पशूटर्स ओपन शूटिंग चैम्पियनशिप

# 'एयर पिस्टल में बाबू राम व एयर राइफल में सीमा ने जीता खिताब'

चंडीगढ़,13 दिसम्बर (राजन यादव): एयर पिस्टल इवेंट में बाबू राम और एयर राइफल में सीमा कुमारी ने 6वीं कर्नल शार्पशूटर्स ओपन शूटिंग चैम्पियनशिप में ओवरऑल खिताब जीत लिया। चैम्पियनशिप सी.पी. शूटिंग अकादमी सैक्टर-27 पंचकूला में चल रही थी। पंजाब केसरी इस चैम्पियनशिप का मीडिया पार्टनर है। चैम्पियनशिप के समापन समारोह में आई.टी.बी.पी. ट्रेनिंग सैंटर के कमांडैंट विक्रांत थपलियाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे।

महावीर चक्र विजेता कर्नल बलवान सिंह और भारतीय आर्मी टीम के पूर्व शूटिंग कोच एम.एस. चौहान ने गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अलग-अलग कैटेगरी के खिलाड़ियों में 5100 रुपए की राशि भी बांटी गई। कमांडैंट विक्रांत थपलियाल ने खिलाड़ियों व आयोजकों को बधाई दी और कहा कि यह शूटिंग रेंज बहुत अच्छी है। इस एरिया के खिलाड़ियों को चंडीगढ़ व मोहाली जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



पदकों के साथ खिलाड़ी।

### ये ओवरऑल विजेता

एयर पिस्टल में एसएफोर्स के बाबू राम ने 230 अंकों के साथ स्वर्ण पदक, टीकमीत फरोद ने 229 अंकों के साथ रजत पदक और संनिष ने 203 प्वाइंट अर्जित कर कांस्य पदक हासिल किया। एयर राइफल में सीमा कुमारी ने 235 प्वाइंट के टाई ब्रेक में स्वर्ण पदक, आकाश संतोष ने 23.5 अंक के साथ रजत और पुष्कर ने 215 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता।



### कार्तिक ने जीता गोल्ड



सालसी शूटिंग एरिना से कार्तिक वर्मा ने 10 मीटर एयर पिस्टल अंडर-18 कैटेगरी में 400 में से 369 अंक हासिल कर गोल्ड मैडल जीता।

### ये रहा चैम्पियनशिप का रिजल्ट

आई.एस.एस.एफ. 10 मीटर लड़कों के अंडर-18 आयु वर्ग एयर पिस्टल इवेंट में सक्षमीत ने 561 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक, संनिष ने 560 अंकों के साथ रजत और विक्रमजीत सिंह ने कांस्य पदक हासिल किया।

आई.एस.एस.एफ.10 मीटर लड़कियों के अंडर-18 आयु वर्ग के एयर पिस्टल इवेंट में हरनव दीप कौर ने 552 अंकों के साथ स्वर्ण पदक, सौरव ने 525 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया।

आई.एस.एस.एफ.10 मीटर लड़कों के 18 से अधिक आयु वर्ग के एयर पिस्टल इवेंट में टीकमीत फरोद ने 574 अंकों के साथ स्वर्ण पदक, रोशन कुमार ने 562 अंकों के साथ रजत और प्रदीप कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया।





शूटिंग प्रतियोगिता के दौरान निशाना लगाते शूटर। (छाया)

आई.एस.एस.एफ.10 मीटर लड़कियों के 18 से अधिक आयु वर्ग के एयर पिस्टल इवेंट में कामिनी ने 565 अंकों के साथ स्वर्ण, जान्हवी ने 560 अंकों के साथ रजत और अनन्या शर्मा ने कांस्य पदक जीता। आई.एस.एस.एफ.10 मीटर एयर राइफल लड़कों अंडर-15 आयु वर्ग में पुष्कर ने 581 अंकों के साथ स्वर्ण, अर्श गोयल ने 568 प्वाइंट के साथ रजत और अमितोज सिंह ने कांस्य पदक जीता। आई.एस.एस.एफ.10 मीटर एयर राइफल लड़कों के अंडर-18 आयु वर्ग में राजा गोयल 591 अंक प्राप्त करके स्वर्ण, हितेश राज ने 587 अंकों के साथ रजत और जसप्रीत सिंह ने कांस्य पदक हासिल किया।

### अमितोज सिंह ने जीता कांस्य





10 मीटर सब-यूथ एयर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में हिमाचल के रहने वाले अमितोज सिंह भी पहुंचे हैं। उन्होंने राइफल इवेंट में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर तीन खिताब जीत चुके हैं। उन्हें शूटिंग का बचपन से ही शौक था। इसी वजह से ही शूटिंग सीखना शुरू कर दिया था।

### शौक के लिए शुरू की थी शूटिंगः कश्यप

रोहित कश्यप ने बताया कि उन्होंने शूटिंग सिर्फ शौक के लिए शुरू की थी लेकिन इस चैम्पियनशिप में 3 मैडल जीत चुके हैं। इसके बाद से शूटिंग में रुचि और बढ़ गई है। इसमें ही करियर बनाने के बारे में सोच रहे हैं। वह चंडीगढ़ ई.पी.एफ.ओ. ऑफिस में कार्यरत हैं। जॉब के बाद रोजाना 3 घंटे अभ्यास करते हैं।





### 4 माह में 6 पदक जीत चुके हैं अमृत सिंह

अमृत सिंह ने बताया कि उन्होंने 4 माह के भीतर 6 पदक जीत लिए हैं। उन्होंने शूटिंग शुरू किए सिर्फ 4 माह ही हुए हैं। इतने कम समय में 4 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक जीत चुके हैं। अमृत सिंह ने कहा कि शूटिंग एक ऐसा खेल है, जिसमें आप जितनी मेहनत करेंगे, उसी प्रकार से आपको मैडल आएंगे। एकल स्पर्धा में पदक जीतना आसान होता है क्योंकि यह खिलाड़ी की मेहनत पर निर्भर करता है। लेकिन टीम इवेंट में सभी खिलाड़ियों को थोड़ा-थोड़ा योगदान देना पड़ता है, तभी टीम जीत पाती है इसलिए मैंने एकल इवेंट शूटिंग का चयन किया।





### कामिनी ने स्वर्ण पदक पर निशाना साधा

सीनियर यूथ व आई.एस.एस.एफ. कैटेगरी में कामिनी ने स्वर्ण पदक पर निशाना साधा। उन्होंने बताया कि कॉलेज में एन.सी.सी. में थी। अभी तक 4 स्वर्ण पदक जीत चुकी हूं। ट्रेनिंग के लिए हिमाचल से चंडीगढ़ आई हूं। शूटिंग रेंज में ट्रेनिंग भी करती हूं और छोटे खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देती भी हूं। कामिनी ने बताया कि उनका लक्ष्य नैशनल व इंटरनैशनल लैवल पर अधिक से अधिक पदक जीतना है। मैं रोजाना 6 घंटे अभ्यास करती हूं। घर से काफी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कोच बाबू राम की तारीफ भी की।

